# महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली
## MAHATMA JYOTIBA PHULE ROHILKHAND UNIVERSITY, BAREILLY
NAACA++ Accredited: ISO 9001:2015 & 14001:2015 Certified

पत्रांकः–रू0वि0 / रासेयो / 2026 / 863-869 दिनांकः–15.09.2026

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या,
सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय
महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली।

**विषयः–सेवा संकल्प अभियान के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0) शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के संलग्न पत्र के पत्रांक संख्या डिग्री विकास / 1568 / 2026–27, दिनांक 12 सितम्बर, 2026, तथा दिनांक 08.09.2026 को मा0 उच्च शिक्षा मंत्री उ0प्र0 शासन, दिनांक 14.09.2026 को प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा महोदय उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में आहुत आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में प्राप्त निर्देशों के क्रम में अवगत कराना है कि संलग्न कार्ययोजना सेवा संकल्प अभियान (17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक) उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम दिये गये निर्देशानुसार महाविद्यालयों के **यू0जी0, फोरम पी0जी0 फोरम, सांस्कृतिक क्लबों व नशा मुक्ति समिति एवं अन्य सक्रिय फोरम** के माध्यम से प्रश्नगत प्रकरण में अपेक्षानुसार कार्यक्रमों के सुव्यवस्थित आयोजन हेतु महाविद्यालय स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित करते हुए इसकी सूचना तत्काल उपलब्ध कराने व कार्यक्रम उपरान्त प्रत्येक कार्यक्रम की आख्या जियोटैगिंग फोटोग्राफ्स के साथ इस कार्यालय की ई–मेल आई0डी0 nssmjprubly@gmail.com, पर उपलब्ध कराने के साथ–साथ अपने महाविद्यालय के विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया अकाउटं, राज्य सरकार व केन्द्र सरकार के सम्बन्धित सोशल मीडिया अकाउटं को टैंग करते हुए प्रचारित करना सुनिश्चित करें।

**संलग्न–यथोक्त।**

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. क्षेत्रीय निदेशक महोदय, रा0से0यो0 क्षेत्रीय निदेशालय केन्द्रीय भवन आठवॉ तल, हाल न0–1, सेक्टर–एच, अलीगंज लखनऊ–226024 के संज्ञानार्थ।
2. विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी महोदया, रा0से0यो0को0, उच्च शिक्षा विभाग, कक्ष संख्या–55, वहुखण्डी भवन, तृतीय तल, सचिवालय, उ0प्र0 शासन लखनऊ–226001 के संज्ञानार्थ।
3. कुलसचिव महोदय के संज्ञानार्थ।
4. **क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी महोदय, बरेली परिक्षेत्र को शासन के निर्देशों के दृष्टिगत आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**
5. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
6. प्रभारी मीडिया, समचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. वेवसाइट प्रभारी को वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

Rajiv 15.9.26
कार्यक्रम समन्वयक
राष्ट्रीय सेवा योजना

Scanned with OKEN Scanner

सेवा संकल्प अभियान

(17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026)

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम

1. आशीर्वाद का दिया (17.09.2026)
    - प्रत्येक महाविद्यालय और विश्वविद्यालय (निजी सहित) द्वारा किसी भवन विशेष पर सायंकाल दीपक प्रज्जवलित करना।
2. मेरे सपनों का भारत (17.09.2026 से 07.10.2026 तक)
    - इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण प्रतियोगितायें आयोजित की जायें। भाषण का विषय "विकसित भारत की संकल्पना" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" रहेगा।
    - पहले चरण में महाविद्यालय स्तर पर, दूसरे चरण में उनके विजेताओं की विश्वविद्यालय स्तर पर तथा तीसरे स्तर पर विश्वविद्यालय विजेताओं की प्रदेश स्तर पर प्रतियोगिताएं करायी जायेंगी। सभी स्तर के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देना।
    - महाविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता- 3-5 छात्र/छात्राओं का चयन
    - विश्वविद्यालय स्तर पर भाषण प्रतियोगिता-महाविद्यालय स्तर पर चयनित छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग
    - विश्वविद्यालय स्तर पर विजेताओं का राज्य स्तर पर भाषण प्रतियोगिता-विजेताओं
3. नमोसेवा-अनकही कहानियां (18.09.2026 से 15.10.2026 तक)
    - "नमो सेवा गाथा" के रिकार्डेड कार्यक्रम/पायलेट वीडियो का प्रदर्शन।
    - जिले की पूर्व निर्धारित टीमों से महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर में नुक्कड़ नाटकों का आयोजन। इसमें फाइन आर्ट्स विभाग का सहयोग लिया जा सकता है।
4. सेवा की कहानी (17.09.2026 से 20.09.2026 तक)
    - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय स्तर पर हुए सकारात्मक बदलाव की कहानी।
    - इस बदलाव से हुए सकारात्मक प्रभाव की 30 सेकण्ड की रील बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करना।
5. सेवा मेरा योगदान (17.09.2026 से 17.10.2026 तक)
    - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय किसी स्थान विशेष पर स्वच्छता अभियान और सौन्दर्यीकरण का कार्य।
    - योगदान से पूर्व की फोटो और योगदान के बाद की फोटो, वीडियोग्राफी।
    - इस हेतु अपने शहर/जिले के सार्वजनिक स्थान को भी चयनित किया जा सकता है।
    - नशामुक्ति अभियान हेतु कार्यक्रम आयोजित करना।
6. सेवा का रंग राष्ट्र के संग (17.10.2026)
    - महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के प्रमुख स्थान पर 17 × 17 से लेकर 76 × 76 फुट आकार की रंगोली।
    - रंगोली की थीम "विकसित भारत" अथवा "सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं" हो।

Scanned with OKEN Scanner

- बारिश/हवा से सुरक्षा वाला स्थान चयनित किया जाये।
- फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं ग्राउण्ड शूट की व्यवस्था।

7. सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज

- महाविद्यालय/विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों/स्टार्टअप्स, इनोटेशन करने वालों को एक मंच से जोड़ना।
- देश के प्रमुख केन्द्रों (दिल्ली, बैंगलुरु, कोलकाता, महाराष्ट्र एवं गुजरात) में आयोजित होने वाले किसी इनोवेशन चैलेंज में प्रदेश के युवाओं की भागीदारी हेतु संस्थान के छात्रों का ओरिएंटेशन एवं मोटिवेशन किया जाना।

उक्त कार्यक्रमों के आयोजन हेतु जिले के जिलाधिकारी अनुश्रवण अधिकारी होंगे और मुख्य विकास अधिकारी कार्यक्रमों के नोडल अधिकारी रहेंगे। कार्यक्रम के आयोजक दोनों अधिकारियों के संपर्क में रहेंगे।

संस्थानों के स्तर पर प्रत्येक कार्यक्रम हेतु किसी वरिष्ठ प्रोफेसर को नोडल अधिकारी सुनिश्चित करना और उसके साथ एक टीम बनाना, जिसमें छात्र-छात्राएं भी हों।

---------

Scanned with OKEN Scanner

(02)

प्रेषक,

**ई – मेल**

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उत्तर प्रदेश

पत्रांक:- डिग्री विकास/ 1568 /2026 – 27 दिनांक – **12/ 09/2026**

**विषय – सेवा संकल्प अभियान के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या 885/सत्तर – 3 – 2026 – 2087049 दिनांक 03 सितम्बर, 2026 एवं सेवा संकल्प अभियान एवं नशा मुक्ति अभियान के सम्बन्ध में उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ सम्पन्न बैठक दिनांक 08.09.2026 के कार्यवृत्त का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा संकल्प कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जाना है।

उक्त के सम्बन्ध में आप सभी से यह अपेक्षा की जाती है कि शासन के पत्र एवं कार्यवृत्त में दिये गये निर्देश के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करते हुए कृत कार्यवाही की आख्या अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**संलग्नक – यथोक्त।**

भवदीय,

12/9/26

**डॉ0 (ज्ञान प्रकाश वर्मा)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या – डिग्री विकास/ **1568 – 70** /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. संयुक्त सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 3, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. अपर सचिव, उत्तर प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि अपने स्तर से निजी विश्वविद्यालयों में उक्त निर्देश के क्रम में कार्यवाही कराना सुनिश्चित करें।

12/9/26

**डॉ0 (ज्ञान प्रकाश वर्मा)**
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
कृते शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

1- Coordinator N.S.S
2- Dr. Jyoti Pandey

14/09/26
कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner